## एक नजर में




### प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तु के उपयोग पर दिया जोर

**भैरूंदा.** जन अभियान परिषद द्वारा स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, स्वदेशी जागरण एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम जनपद पंचायत में आयोजित किया. मुख्य अतिथि बृजमोहन गौड़ द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला गया. वहीं पंतजलि योग समिति से रामनारायण चौबे ने कहा कि स्वदेश में बनी वस्तु ही हमें उपयोग करना चाहिए. स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी ने विदेशी वस्तु की होली जलाई थी और स्वतंत्रता की अलख जगाई थी. आज विगत 10 वर्षों से हमारे भारत में कई सारी वस्तुएं निर्मित होने लगी. पारस वर्मा द्वारा सेवा प्रकल्पों के बारे में बताया गया. इस मौके पर जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्यवक हरीराम, उत्तम सिंह, अभिषेक शर्मा, राजेन्द्र जाट, मुकेश पंवार, केशर सिंह राजपूत, अनंतनारायण, राकेश, दिलीप, बब्ली, ज्योति सहित छात्र-छात्राएं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित थे.



### गरबा महोत्सव में बच्चों को वितरण की शैक्षणिक सामग्री

**इछावर.** ग्राम सेमली जदीद में पांगला बाबा के यहां मां दुर्गा की प्रतिमा नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा बिठाई गई है. बुधवार को मातारानी के दरबार में गरबा महोत्सव आयोजित किया गया. महोत्सव के दौरान नरेश सेन ने एक नई पहल करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और विद्यार्थियों को कॉपी-पेन देकर शिक्षा का संदेश दिया. इसका उद्देश्य बच्चों को न सिर्फ त्योहारों की खुशी देना बल्कि भविष्य को संवारने के लिए उन्हें शिक्षा की दिशा में प्रेरित करना था. यजमान नरेश सेन ने कहा कि गरबा सिर्फ नृत्य नहीं एक संस्कृति है और संस्कृति तभी आगे बढ़ती है, जब हमारी आने वाली पीढ़ी शिक्षित और संस्कारी हो. यही सोचकर हमने इस बार कुछ अलग करने का निश्चय किया.



### शिविर में किया महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**सीहोर.** पोषण माह अंतर्गत थीम पोषण प्रदर्शनी और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पर के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया. इस दौरान ग्राम की सभी महिलाओं की स्वास्थ्य परीक्षण और पौष्टिक आहार से संबंधित चर्चा की गई और साथ ही एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण किया गया. जिसमें ग्राम की महिला सरपंच श्रीमती गुलाब बाई, सीएचओ पल्लवी, आशा कार्यकर्ता गेंद कुमार, एएनएम रजनी विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमलता मेवाड़ा और सहायिका ओमवती जांगड़े, प्रीति बाथम अन्य सदस्य मौजूद थे.



### सेवा पखवाड़े के तहत श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**बुधनी.** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वार्ड 10 बुधनी घाट पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया. साथ ही वार्ड 4 अदालत कॉलोनी पार्क में पौधारोपण किया गया. कार्यक्रम के दौरान सभी नागरिकों व कर्मचारियों द्वारा नर्मदा घाट पर श्रमदान कर सफाई कर वच्छता संदेश के साथ जनजागरुकता अभियान चलाया गया. इसके उपरांत अदालत कॉलोनी पार्क में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय, नपा उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पार्षद श्रीकांत शर्मा, प्रभात भदौरिया, धीरेंद्र तिवारी, प्रिंसिपल आईए खान तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं नप के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.




### भाऊखेड़ी में हुई आजीविका मिशन की वार्षिक सभा

**इछावर.** मातृभूमि संकुल स्तरीय संघ और आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन आजीविका पार्क भाऊखेड़ी में किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न दीदीयों द्वारा ग्राम स्तर पर किए जा रहे कार्य की क्रमवार जानकारी दी गई. इसके उपरांत मनीषा मालवीय द्वारा मातृभूमि संकुल स्तरीय संघ के वार्षिक आय व्यय का विवरण एवं अगले वर्ष की कार्य योजना आदि विभिन्न एजेंडे पर विस्तार से जानकारी दी. साथ ही आजीविका पार्क में संचालित कृषि एवं गैर कृषि गतिविधियों के विषय में बताया. अगले क्रम में आत्मनिर्भर महिला फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की बोर्ड आफ डायरेक्टर संगीता मालवीय द्वारा गत वर्षो में कंपनी द्वारा किए गए कार्य एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना के साथ ही कंपनी के टर्नओवर की जानकारी दी.

# मानसून की बेरुखी, औसत से कम बरसे बादल

## अल्पवर्षा के चलते खाली रह गए अधिकांश जलाशय, आगामी महीनों में पेयजल संकट गहराने के बने आसार

- नगरपालिका ने बहते पानी को रोकने कवायद शुरू की
- सीहोर तहसील में पिछले साल से 15.69 इंच कम बारिश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 सितंबर. जिले में बारिश का कोटा पूरा होने से पूर्व ही मानसून की विदाई बेला नजदीक आ गई है. आसमान से बादलों की रवानगी होने के साथ ही आगामी दिनों में बारिश के आसार न के बराबर हो गए हैं. ऐसे में नदी- नालों के बहते पानी को रोकने के लिए नपा ने शटर में गेट लगाना शुरू कर दिया है. मानसून की बेरुखी के चलते जलाशय खाली पड़े हैं. ऐसे में आगामी गर्मी के मौसम में जलसंकट बड़ी चुनौती दे सकता है.**



**सीहोर.** अल्पवर्षा के हालातों को देखते हुए नगरपालिका द्वारा सीवन नदी के चद्दरपुल के बंधान में शटर लगाने का काम शुरू कर दिया है.

इस साल मानसून ने फिर बरसने में कंजूसी दिखाई है. नतीजतन इस बार बारिश के आंकड़े औसत से काफी पीछे नजर आ रहे हैं. अमूमन सितंबर माह के दूसरे पखवाड़े में मानूसन की विदाई तय हो जाती है. ऐसे में इस बार जिले को अल्पवर्षा की स्थिति से जूझना पड़ सकता है. स्थिति यह है कि जिले में अब तक 1013.3 एमएम अर्थात 39.81 इंच बारिश ही हो सकी है. यानि औसत से पांच इंच कम.ऐसे में बात की जाए सीहोर तहसील की तो इस साल बारिश के आंकड़े काफी दयनीय बने हुए हैं. सीहोर तहसील में औसत वर्षा 1309.5 यानी 51.55 इंच है, जबकि इस साल अब तक महज 910.9 अर्थात 35.86 इंच बारिश ही हो सकी है. यानी कि औसत से 15.69 इंच कम. ऐसे में शहर को आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है. इतना ही नहीं आगामी रबी सीजन में भी फसलों के उत्पादन में किसानों को काफी परेशानी होगी. रबी सीजन की फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल सकेगा. जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होगा.

### सिर्फ बुधनी तहसील पर मेहरबान रहे बादल

इस साल जिले के बुधनी तहसील में औसत 1167.9 मिमी से अधिक 1446.6 मिमी बारिश हुई है. जबकि जिले की अन्य तहसीलों के हालात काफी खराब हैं. गुरुवार की सुबह तक जिले की रेहटी तहसील में 1247.2 एमएम, भैरूंदा में 1044 एमएम, इछावर में 908.3 एमएम, जावर में 778 एमएम, आष्टा में 837 एमएम और श्यामपुर में 933.5 एमएम बारिश हो चुकी है.

### सीवन के चद्दर पुल के गेट में नपा ने लगाए शटर

मानसून की विदाई को तय मानते हुए नगरपालिका ने अब नदी-नालों में बहते पानी को रोकने के लिए शटर लगाने का काम शुरू कर दिया है. हालांकि इस बार बारिश नहीं होने से नदी और नाले का कचरा भी नहीं बह सका है, लेकिन पानी जरूर बह रहा है. ऐसे में पानी को रोकने के लिए नपा की कवायद शुरू हो गई है ताकि भूजल स्तर कुछ माह तक तो बना रहे. हालांकि इतना तो तय है कि आगामी साल की शुरुआत से ही जलसंकट के पैर पसारने की आशंका बनती दिख रही है. वर्तमान में नपा द्वारा एक दिन छोड़कर शहर में जलप्रदाय किया जा रहा है. नपा द्वारा आगामी महीनों में इसे बढ़ाया जा सकता है.

### 2001 में 587.5 ही हुई थी बारिश

यह पहला साल नहीं है जब जिले में औसत से बहुत कम बारिश हुई है. 40 साल के रिकार्ड पर नजर डालें तो जिले में सबसे कम बारिश 2001 में हुई थी. उस समय मात्र 587.5 मिमी ही औसत बारिश हो पाई थी. यानी कि उस समय पूरा जिला सूखे की स्थिति से गुजरा था. 1992 में भी ऐसे ही हालात बने थे और जिले में 688.3 मिमी औसत बारिश रिकार्ड हुई थी. 2008-09 में भी मात्र 772.8 मिमी औसत बारिश हो पाई थी. इस साल भी बादलों ने जिले के साथ फिर दगाबाजी करते हुए कम बारिश की है.

### 12 साल से फरार रहने वाला बाइक चोर पकड़ा



**भैरूंदा.** पुलिस ने 12 सालों से बाइक चोरी में फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जगदीश पंवार पिता जयराम पंवार निवासी ग्राम ससली थाना गोपालपुर ने वर्ष 2013 में अपनी बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी.पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी. जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी मिथुन निवासी ग्राम छीपानेर व उसके मौसी के लड़के दिनेश को गिर तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद की थी. घटना में फरार आरोपी जितेन्द्र पिता रामलाल घटना के पश्चात से ही अपने घर से फरार हो गया था और जिले से बाहर रायसेन और हरदा में रह रहा था. एसपी द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ईनाम की भी घोषणा की गई थी. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अपने घर रिश्तेदारी में आने के दौरान उसे धर दबोचा. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया. जहां से जेल भेज दिया गया. कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक सुन्दरलाल सरयाम, आरक्षक प्रकाश नर्रे, राजाबाबू, रविन्द्र मैहर, विश्वास का योगदान रहा.

### ओवरब्रिज के समानांतर रोड निर्माण की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 सितंबर.** वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा एवं समस्त कॉलोनीवासियों के द्वारा उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि हाउसिंग बोर्ड वार्ड 21, ब्रिज कॉरपोरेशन की जिद एवं अनदेखी की वजह से क्षेत्र के कॉलोनी वासियों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है.

उन्होंने बताया कि ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा एक साइड रोड़ बनाया गया है. जबकि पहले जो मुख्य मार्ग था, कॉलोनी जाने का उसको बंद कर दिया गया है और कोई भी वैकल्पिक रास्ता नहीं बनाए गया हैं. जो कॉलोनी में लोग आ जा नहीं सकते इससे क्षेत्र वासियों को आने-जाने से एक्सीडेंट होने की संभावना लगातार बनी रहेगी. पीडब्ल्युडी



ब्रिज कॉरपोरेशन कोई वैकल्पिक रास्ता कॉलोनी में जाने का निकालें. इस विषय में कलेक्टर को अनेक बार ज्ञापन दिया जा चुका है. जनसुनवाई में भी आवेदन दिया है. परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हो पाई. जिसके कारण स्कूली बच्चों को काफी परेशानी होती है और ब्रिज पर एक तरफ रोड होने से खतरा मंडरा रहा है. पार्षद प्रतिनिधि ने निवेदन किया है कि शीघ्र इस समस्या का निराकरण किया जाए, ताकि लोगों को समस्या से निजात मिल सके व दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके.

## अंत्योदय के विचारों पर ही टिका है राष्ट्र निर्माण : शुक्ल

- पं. दीनदयाल जयंती पर हुआ वृहद संगोष्ठी का आयोजन
- प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 सितंबर.** भाजपा द्वारा जिला कार्यालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल व अन्य नेतागण भी मौजूद थे.

भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, गोपाल इंजीनियर आदि नेताओं द्वारा उप मुख्यमंत्री शुक्ल का स्वागत किया गया. जिला मंत्री प्रितेश राठौर ने बताया कि शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि पं.



दीनदयाल उपाध्याय का जीवन और उनके विचार भारतीय राजनीति और समाज के लिए अद्वितीय प्रेरणा है. उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का जो मार्ग दिखाया था. वही आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों में परिलक्षित हो रहा है.

जीएसटी रिफार्म्स ने कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाकर व्यापार और उद्योग को नई गति दी है. अब समय है कि हर नागरिक स्वदेशी अपनाने का संकल्प ले. जब हम अपने गांव-गांव और शहर-शहर में बने उत्पादों को अपनाएंगे तभी भारत की अर्थव्यवस्था सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगी. भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकारें पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है. विधायक सुदेश राय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान ने जिले में भी युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए द्वार खोले हैं. जब हम स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेंगे तो न केवल स्थानीय उद्योगों को बल मिलेगा. बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी. यही पं. दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है. कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय एवं आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## स्थानीय उत्पादों की बिक्री को दें प्रोत्साहन

- कलेक्टर ने स्वदेशी उत्पादों के स्टाल का किया निरीक्षण
- गीता भवन में आयोजित किया जा रहा है स्वदेशी उत्पाद मेला

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 सितंबर.** कलेक्टर बालागुरू के ने सेवा पखवाड़ा के तहत गीता मानव भवन में लगे मेले में स्व सहायता समूह की दीदियों एवं शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा लगाए स्वदेशी उत्पादों और सामग्रियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया.

उन्होंने दीदियों से उनके उत्पादों की विशेषताओं और खरीद-बिक्री के बारे में जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना



की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाए और इनके प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. तीन दिवसीय स्वदेशी उत्पाद मेला 27 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है. मेले में विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही एवं स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्थानीय उत्पादित सामग्री व खाद्य उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं.

### फांसी पर झूलकर दी युवती ने जान

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत इंग्लिशपुरा क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते 32 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजते हुए जांच कार्य प्रारंभ कर दिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार इंग्लिशपुरा क्षेत्र में रहने वाली 32 वर्षीय कीर्ति पुत्री रमेश मंगरोलिया ने गुरुवार की दोपहर अपने घर में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली. परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है.



### बिना लायसेंस संचालित हो रहा था पेट्रोल पंप

नवभारत न्यूज

**आष्टा 25 सितंबर.** पार्वती थाना अन्तर्गत ग्राम निपनिया में अवैध रूप से संचालित पेट्रोल पंप पर पुलिस एवं राजस्व अमले द्वारा कार्यवाही की गई.

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम निपानिया में लखन सिंह भाटी द्वारा बिना लाइसेंस पेट्रोल पंप संचालित किया जा रहा है. सूचना पर तस्दीक करने के लिए एसडीएम आष्टा और एसडीओपी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी और पार्वती थाना पुलिस द्वारा जांच की जा रही है. इससे पूर्व जिला मुख्यालय पर भी पेट्रोल पंप के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है.

**अनूठा विरोध** — निर्माणाधीन ओवर ब्रिज में बरती जा रही अनियमितता से कालोनीवासियों में आक्रोश

## अनियमितताओं को लेकर संघर्ष समिति ने मातारानी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 सितंबर.** जबसे हाऊसिंग बोर्ड रेल्वे ब्रिज का निर्माण शुरु हुआ है. तभी से उक्त ब्रिज निर्माण में अनियमितताओं को लेकर सवाल खड़े हुए हैं. नागरिकों ने विधायक व कलेक्टर को शिकायत भी की गई. परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है. नतीजतन वार्ड के लोगों द्वारा मातारानी दुर्गा के दरबार में ज्ञापन सौंपा गया.

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नगर सुधार न्यास, संतोष नगर, कृष्णा नागर, दीनदयाल नगर सहित अन्य कालोनी वासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है. उक्त ब्रिज के निर्माण में अनियमितताओं के निराकरण के लिए नागरिकों द्वारा एक संघर्ष समिति का गठन कर प्रथम चरण में मातारानी के दरबार में ज्ञापन सौंपकर आन्दोलन की शुरुआत की है. नागरिकों की मांग है कि वर्तमान में निर्माणाधीन ब्रिज की उत्तर दिशा में उपरोक्त कॉलोनियां स्थित हैं जिनका एक मात्र पहुंच मार्ग उक्त निर्माण कार्य के कारण हमेशा के लिए बंद कर दिया है. कालोनी पहुंच मार्ग बंद करने के पूर्व निर्माणाधीन कार्य से संबंधित विभाग का दायित्व था कि उपरोक्त कॉलोनियों को वैकल्पिक एवं व्यवस्थित सुलभ पहुंच मार्ग प्रदाय किया जाए. किन्तु विभाग द्वारा कॉलोनी वासियों की समस्या को नजर अंदाज करते हुए एक ही दिशा से स्तरहीन एवं स्वीकृत भारतीय मानकों के अनुरूप नहीं बनाया है. जिसके परिणामस्वरूप रोज दुर्घटना होती हैं तथा कॉलोनीवासी मानसिक व शारीरिक पीड़ा उठाते हैं.

कालोनीवासियों का कहना है कि उक्त रेल्वे क्रसिंग के दोनों तरफ बड़े-बड़े स्कूल हैं. जिसमें हजारों बच्चे रोजाना उक्त क्रासिंग का उपयोग करके जाते हैं. जिनकी जान की सुरक्षा का संबंधित विभाग द्वारा कोई उपाय नहीं किया गया है. भविष्य में भी निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित विभाग उपरोक्तानुसार ही असुविधायुक्त एवं मानक स्तरहीन पहुंच मार्ग को निरंतर रखा जाएगा. जो कि एक ही दिशा से जाने व आने का दिया जा रहा है. जिसका आधा निर्माण हो चुका है जिसके कारण रोज दुर्घटना होना निश्चित है, प्रस्तावित निर्माण



कार्य आईआरसी के मापदण्डों के अनुरूप भी नहीं किया जा रहा है. जिसकी उच्च स्तरीय जांच किया जाकर मार्ग को विधि व मापदण्डानुसार बनाया जाना आवश्यक है.

आन्दोलन के दूसरे चरण रेल्वे ओवर ब्रिज संघर्ष समिति द्वारा जिलाधीश को सूचना पत्र ज्ञापन के माध्यम से प्रस्तुत किया.15 दिवस की समय अवधि में समस्याओं के समाधान का निराकरण नहीं किया गया तो स्थानीय नागरिकों द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका प्रस्तुत की जाएगी.

### शुक्ल ने स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

**सीहोर.** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से प्रारंभ किए गए सेवा पखवाड़ा एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिले के बिलकिसगंज सीएचसी में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया. उन्होंने शिविर में दी जा रही सेवाओं और रक्तदान शिविर का निरीक्षण भी किया और रक्तदान करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया. अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकों से समस्त गतिविधियों और योजनाओं के संचालन की जानकारी ली और अस्पताल का प्रबंधन और संचालन बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए. इस मौके पर उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को पोषण टोकरी भी वितरित की.